संदर्भ की शर्तें

तकनीकी अधिकारी - एन.पी.सी.सी.एच.एच. के तहत डाटा प्रबंधन

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से पूर्णतः संविदा आधार पर उपर्युक्त पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र में पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र (CEOH) देश में जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य के लिए नोडल तकनीकी एजेंसी है। इस विभाग ने जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय कार्य योजना तैयार की है, विशेषज्ञों के साथ, जलवायु संवेदनशील बीमारियों के खिलाफ स्वास्थ्य अनुकूलन रणनीतियों का सुझाव देने के लिए। यह विभाग देश में जलवायु संवेदनशील बीमारियों के खिलाफ नागरिकों के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए स्वास्थ्य और राज्यों के अलावा अन्य मंत्रालयों और विभागों के साथ समन्वय कर रहा है। यह केंद्र एनएपीसीएचएच कार्यक्रम की क्षमता निर्माण, कार्यान्वयन, निगरानी, पर्यवेक्षण और मूल्यांकन के बारे में राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों में पर्यावरणीय स्वास्थ्य सेल को तकनीकी जानकारी और सहायता प्रदान करेगा।

भूमिका और जिम्मेदारियां

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के जलवायु परिवर्तन और मानव स्वास्थ्य पर राष्ट्रीय कार्य योजना के तहत सुझाई गई गतिविधियों के लिए तकनीकी सहायता।
- एन.पी.सी. सी.एच.एच. से संबंधित डेटा को संग्रहीत, विश्लेषण और प्रस्तुत करने के लिए स्प्रेडशीट, पिवट टेबल और सांख्यिकीय विश्लेषण सॉफ्टवेयर पैकेज का उपयोग।
- 'मानक विवरणी जनरेशन' के लिए प्राथमिक रूप से माइक्रोसॉफ़्ट एक्सेल द्वारा प्रारूप विकसित करने में सहायता।
- डेटाबेस, डेटा संग्रह प्रणाली, डेटा एनालिटिक्स और अन्य रणनीतियों की समीक्षा और प्रबंधन में सहयोग जो कि सांख्यिकीय दक्षता और गुणवत्ता का अनुकूलन करते हैं। डेटा गुणवत्ता मुद्दों की पहचान की दक्षता।
- सांख्यिकीय तकनीकों का उपयोग कर डेटा की विवेचना की दृष्टि से उसकी पहचान, निगरानी, विश्लेषण और व्याख्या। डेटा, इसकी समयबद्धता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना और मासिक रिपोर्ट तैयार कर प्रसारित करना।
- राज्य और उससे नीचे के स्तर पर उपयोगकर्ताओं को डेटा प्रबंधन सहायता प्रदान करना।
- आई.टी. आधारित उपकरण / मोबाइल आधारित अनुप्रयोग के विकास के लिए आवश्यक सुझाव।
- प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में सहयोग।
- जलवायु संवेदनशील बीमारियों के संदर्भ में अंतर्क्षेत्रीय समन्वय में सहयोग के साथ साथ स्वास्थ्य एवं अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रीय कार्यक्रम।
- निगरानी और मूल्यांकन और स्वास्थ्य सूचना प्रणाली के विकास में सहयोग।
- रिपोर्टिंग अथॉरिटी द्वारा समय-समय पर सौंपे गए अन्य कार्यों का निर्वहन।

योग्यता और अनुभव

- एक मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी पाठयक्रम में नियमित परास्नातक डिग्री के साथ कंप्यूटर अनुप्रयोग / सूचना प्रौद्योगिकी / कंप्यूटर विज्ञान में अतिरिक्त योग्यता।

- राष्ट्रीय या राज्य स्तर के सरकारी क्षेत्र, सरकार सहबद्ध क्षेत्र, संयुक्त राष्ट्र संगठन, बड़े गैर सरकारी संगठन में लोक स्वास्थ्य या पर्यावरण संबंधी डेटा के क्षेत्र में परास्नातक योग्यता के बाद न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव।
- मोक्रोसोफ्ट ऑफिस (वर्ड, एक्सेल, पावर प्वाइंट और एक्सेस) और अन्य लोकप्रिय आई.टी. अनुप्रयोगों से अभिज्ञ।
- डेस्कटॉप पब्लिशिंग, डी.टी.पी. अनुप्रयोग और ग्राफिक डिजाइनिंग सॉफ्टवेयर में कुशल।
- डेटाबेस के रख-रखाव, डेटा विश्लेषण और डेटा की प्रस्तुति में दक्षता।
- स्वास्थ्य डेटा प्रासंगिक सॉफ्टवेयर में कौशल - स्वास्थ्य मानचित्रण, भौगोलिक सूचना प्रणाली, सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर पैकेज।
- भारतीय स्वास्थ्य प्रणाली, प्रमुख हितधारकों और प्रासंगिक सरकारी नीतियों / रणनीतियों के साथ परिचित विशेषतः राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत रोग निगरानी कार्यक्रम।
- सुगम समन्वय और प्रभावी लेखन व वाकपटुता।
- बहु-अनुशासनात्मक समूह वातावरण में समन्वय और काम करने की सिद्ध क्षमता।
- तकनीकी सहयोग के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने की इच्छाशक्ति और निश्चित समयसीमा के अंदर कार्य को पूरा करने के लिए एक साथ विभिन्न असाइनमेंट पर काम करने की कार्यकुशलता।

वांछित

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत रोग निगरानी कार्यक्रम के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर का अनुभव
- डेस्कटॉप प्रकाशन, डीटीपी एप्लिकेशन, ग्राफिक डिजाइनिंग, डेटाबेस प्रबंधन, स्वास्थ्य मानचित्रण, भौगोलिक सूचना प्रणाली, सांख्यिकीय सॉफ्टवेयर पैकेज में अतिरिक्त योग्यताएं

मासिक वेतनः

- संविदा के आधार पर 75000 रुपये प्रति माह
- संविदा आगे बढ़ने पर तनख्वाह में 5%की बढोतरी

पद संख्या: 02

आयुः 40 वर्ष से अधिक नही।

तैनाती की जगहः राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, दिल्ली

अनुबंध के प्रकारः विशुद्ध रूप से संविदा प्रकृति में।

रोजगार का समयः नियुक्ति की तारीख से एक साल, अनुबंध को 1 माह के सूचना देने के बाद दोनों तरफ से समाप्त किया जा सकता है

रिपोर्टिंगः सलाहकार पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र, रोग नियंत्रण केंद्र के प्रमुख को रिपोर्ट करेगा

आवेदन करने के लिएः

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **23-Nov-2020** तक केवल ncdc.mohfw@gmail.com पर ई-मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।